# बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में तेंदुए की मृत्यु

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश के **बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व (BTR)** में एक **तेंदुए** की मृत्यु हो गई ।

- इससे पहले BTR में **फफूंद-संक्रमित कोदो बाजरा पौधों** के अत्यधिक सेवन से **विषाक्तता के कारण हाथियों के एक समूह की भी मृत्यु** हो गई थी।

## प्रमुख बिंदु

- **तेंदुए के बारे में:**
  - तेंदुआ *(???????? ???????)* बड़ी बिल्ली परिवार (**पैंथेरा वंश के** अर्थात् **बाघ**, **शेर**, **जगुआर**, **तेंदुआ और** **हिम तेंदुआ**) का सबसे छोटा सदस्य है, और विभिन्न आवासों में अनुकूलन की अपनी क्षमता के लिये जाना जाता है।
  - यह एक **रात्रिचर प्राणी है**, जो अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले शाकाहारी जानवरों की छोटी प्रजातियों जैसे चीतल, हिरण और जंगली सूअर को अपना शिकार बनाता है।
- **तेंदुओं में मेलानिज़्म:**
  - तेंदुओं में मेलानिज़्म एक सामान्य घटना है, जिसमें पशु की पूरी त्वचा काले रंग की होती है, जिसमें धब्बे भी शामिल हैं।
    - मेलेनिस्टिक तेंदुए को अक्सर **ब्लैक पैंथर** कहा जाता है और गलती से इसे एक अलग प्रजाति मान लिया जाता है।
- **भौगोलिक विस्तार:**
  - बिल्ली परिवार के सदस्य, तेंदुए एशिया, **उप-सहारा अफ्रीका,** दक्षिणी रूस और भारतीय उपमहाद्वीप में रहते हैं।
    - **भारतीय तेंदुआ (*???????? ??????? ?????????*)** भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापक रूप से पाया जाता है।
- **भारत में जनसंख्या:**
  - '**भारत में तेंदुओं की स्थिति, 2022**' के अनुसार, भारत की तेंदुओं की आबादी **वर्ष 2018 में 12,852 से 8% बढ़कर वर्ष 2022 में 13,874** हो गई।
    - **शिवालिक परिदृश्य में तेंदुओं की लगभग 65% आबादी** संरक्षित क्षेत्रों के बाहर मौजूद है। केवल **एक तिहाई तेंदुए ही संरक्षित क्षेत्रों** में हैं।
  - **मध्य प्रदेश में तेंदुओं की संख्या सबसे अधिक (3,907) है**, इसके बाद महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु का स्थान है।
- **खतरे:**
  - प्राकृत वास का विनाश
  - **अवैध शिकार**
  - **मानव-वन्यजीव संघर्ष**
- **संरक्षण स्थिति:**
  - IUCN रेड लिस्ट: सुभेद्य
  - CITES: परिशिष्ट I
  - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972: अनुसूची I

# इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस

इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस एक बहु-देशीय, बहु-एजेंसी गठबंधन है जिसका उद्देश्य बड़ी बिल्लियों (Big Cat) की प्रजातियों और उनके आवासों का संरक्षण करना है।

**लॉन्च किया गया**
भारत (2023)

**मुख्यालय**
भारत

**सदस्य देश**
96 देश

**संरचना**
इसमें सदस्यों की सभा, स्थायी समिति और उनके सचिवालय शामिल हैं



## कार्य

- बड़ी बिल्लियों (बाघ, शेर, तेंदुए, हिम तेंदुए, प्यूमा, जगुआर और चीता) का भविष्य सुरक्षित करना
- जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करना
- नीतिगत पहलों का समर्थन करना
- संयुक्त राष्ट्र-अनिवार्य सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना

## बड़ी बिल्लियों को खतरा

- अवैध शिकार से
- पर्यावास हानि और विखंडन से
- मानव-तेंदुआ संघर्ष से
- जलवायु परिवर्तन और निर्वनीकरण से

## बड़ी बिल्लियों की संरक्षण स्थिति

| प्रजातियाँ | वैज्ञानिक नाम | IUCN लाल सूची | स्थल | भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 |
|---|---|---|---|---|
| **बाघ** | पैंथेरा टाइग्रिस | संकटग्रस्त | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **शेर** | पैंथेरा लियो | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **तेंदुए** | पैंथेरा पार्डस | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **हिम तेंदुए** | पैंथेरा अन्सिया | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |
| **प्यूमा** | प्यूमा कॉनकलर | कम चिंतनीय | परिशिष्ट-II (P. c. कोस्टारिकेंसिस (Costaricensis) और कूगर (Cougar): परिशिष्ट-I) | NA |
| **जगुआर** | पैंथेरा ओंका | निकट संकटग्रस्त | परिशिष्ट-I | NA |
| **चीता** | एसिनोनिक्स जुबेटस | असुरक्षित | परिशिष्ट-I | अनुसूची-I |

## भारत में अन्य संरक्षण प्रयास

- प्रोजेक्ट टाइगर (वर्ष 1973)
- एशियाई शेर पुनःप्रवेश परियोजना (वर्ष 2004)
- प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड (वर्ष 2009)
- प्रोजेक्ट चीता (वर्ष 2022)

Drishti IAS

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/leopard-died-in-bandhavgarh-tiger-reserve